## महत्वपूर्ण एवं खास

### ऋण माफी के बाद मुख्यमंत्री बघेल ने किसानों से की सीधी बात

**मुंगेली के किसान जगदीश गोस्वामी ने मुख्यमंत्री से कहा- 'अतेक पैसा देख के अकबका गे रेहेव साहब'**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने वादे के मुताबिक मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण के दस दिनों के भीतर किसानों का कर्जा माफकर दिया। सहकारी समितियों ने लिंकिंग में जिन तीन लाख 57 हजार किसानों का पैसा काट लिया था, उसे आज उनके खातों में वापस जमा कर दिया गया। प्रदेश की 1276 सहकारी समितियों द्वारा किसानों की 1248 करोड़ रूपए की राशि लिंकिंग में काट ली गई थी। उस राशि को आज उनके बैंक खातों में जमा कर दी गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिन किसानों का लिंकिंग की राशि वापस की गई है, उनसे मोबाइल में बात कर हकीकत की जानकारी ली।

### सहायक प्राध्यापकों के साथ खेल अधिकारियों के रिक्त पदों को पूरा करने निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में काफी लंबे समय से रिक्त सहायक प्राध्यापकों के 1384 पदों को शीघ्र भरने का निर्देश राज्य सरकार ने जारी कर दिया है। उच्चशिक्षा विभाग को दिए गए निर्देश में इन रिक्त पदों को लोक सेवा आयोग के माध्यम से शीघ्र भरने कहा गया है।

### तेलंगाना से गरियाबंद के 177 बंधक मजदूरों को कराया गया मुक्त

गरियाबंद (आरएनएस)। जिले के मैनपुर ब्लॉक के कुल्हाड़ीघाट और इंदागांव के 177 मजदूरों को तेलंगाना राज्य के पेद्दापल्ली से मुक्त करवा कर गरियाबंद लाया गया था। यहां से उनको उनके घर पहुंचा दिया गया। शुक्रवार को ये जानकारी कलेक्टर श्याम धावड़े ने दी। उन्होंने बताया कि इन सभी मजदूरों को 3 बसों में भरकर गुरुवार की देर रात गरियाबंद मुख्यालय लाया गया था। उस वक्त ज्यादा रात हो चुकी थी लिहाजा इनको मुख्यालय में ही रोक लिया गया था। उसके बाद सुबह कलेक्टर श्याम धावड़े ने इनसे मिलकर इनकी समस्याओं की जानकारी ली। उसके बाद इनको इनके घरों की ओर रवाना कर दिया गया।

### सांप के काटने से कानन पेंडारी मिनी जू में सफेद बाघ की मौत

बिलासपुर (आरएनएस)। वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर जहां एक तरफसरकार कई ठोस कदम उठा रही है तो वहीं नियमों को तांक पर रखकर कानन पेंडारी मिनी जू में वन्यजीवों के साथ लापरवाही बरती जा रही है।कानन पेंडारी मिनी जू में लापरवाही का मामला सामने आया है इस बार विजय नाम का सफेद बाघ प्रबंधन की लापरवाही की भेंट चढ़ गया।

### नववर्ष पर कवि सम्मेलन एक को

महासमुंद (आरएनएस)। साहित्य समिति आस्था के संयोजन में बेमचा भाठा स्थित सतनाम भवन में 1 जनवरी अपरान्ह 3 बजे कवि सम्मेलन आयोजित है। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य केआर चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि पेंशनर्स संघ के जिलाध्यक्ष नारायणलाल चंद्राकर, सेवानिवृत्त सीएमओ सुनील आर्य होंगे। अध्यक्षता प्राचार्य एस चंद्रसेन करेंगी।

### मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेता सैयद जफर ने कहा - बिना देख फिल्म को नहीं होने देंगे रिलीज

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेता सैयद जफर ने कहा है, मैंने फिल्म 'द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' के निर्देशक को खत लिखा है, और हमें फिल्म के नाम और ट्रेलर में जो दिखाया गया है, उस पर कड़ी आपत्ति हैज हम रिलीज से पहले फिल्म देखना चाहते हैं, वरना उसे राज्य में रिलीज नहीं होने देंगे।

### कांग्रेस ने यूपी डीजीपी को लिखा पत्र, कहा- 'पार्कों से RSS शाखाओं पर लगे रोक'

नई दिल्ली। नोएडा पुलिस द्वारा पार्क में नमाज नहीं पढ़ने पर जारी आदेश के बाद इस मामले में राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने यूपी डीजीपी को पत्र लिखकर पार्कों में लगने वाली आरएसएस की शाखाओं पर भी रोक लगाने की मांग की है।

# अजय चंद्राकर नहीं देंगे इस्तीफा, कहा-किसानों को लिंकिंग का पैसा वापस करना कर्ज माफी नहीं

## सीधे किसानों का कर्जा माफ करे सरकार, परिभाषा में न पड़ें

रायपुर (आरएनएस)। किसानों के कर्ज माफी के बाद भाजपा के विधायक अजय चंद्राकर ने इस्तीफा देने से इंकार करते हुए साफ कर दिया है कि लिंकिंग का पैसा वापस करना, यह कर्ज माफी नहीं है, इसलिए इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता।



विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस ने वायदा किया था कि यदि कांग्रेस की राज्य में सरकार बनती है तो कांग्रेस दस दिनों के भीतर किसानों का कर्जा माफ कर देगी। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से जीती और सत्तासीन भाजपा की बुरी तरह से पराजय हो गई। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने किसानों के कर्ज माफी का आदेश जारी किया और वर्तमान समय तक 1248 करोड़ रूपए का कर्जा माफ हो चुका है, राज्य शासन चरणबद्ध ढंग से किसानों का कर्जा माफ कर रही है। इधर किसानों के कर्ज माफी पर कुरूद से भाजपा के विधायक और प्रदेश में कद्दावर मंत्री रहे अजय चंद्राकर ने दावा किया था कि यदि कांग्रेस सरकार किसानों का कर्जा माफ कर देगी तो वे विधायकी छोड़ (इस्तीफा) देंगे। मगर अब विधायक अजय चंद्राकर ने इस्तीफा देने से इंकार करते हुए कहा कि यह कर्जा माफी नहीं है, लिहाजा इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। एक निजी चैनल को दिए अपने बयान में श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस का कोई भी समझदार नेता उन्हें, कांग्रेस का कॉर्परेटिव मिनिस्टर बताए कि राज्य शासन ने कितना पैसा बैंक को दिया, बैंक से कितना पैसा सोसायटियों में गया। सोसायटियों से एक पत्र जारी कर कहना कि लिंकिंग का पैसा किसानों के खातों में जमा कर दो, यह ऋण माफी नहीं है। छत्तीसगढ़ के किसान इस बात को समझते हैं, अभी भी सोसायटियों के खातों को देखें तो किसान ऋणी दिख रहा है। जब तक, बैंक को सरकार पैसा नहीं देगी कि यह अल्पकालीन, मध्यकालीक या दीर्घकालीक ऋण जो ऋण माफी योजना है उसके तहत इतना पैसा दिया जाता है, तब तक वो ऋण माफी नहीं मानी जाती। कागजों में है कि यह पैसा किसानों को वापस करो और इसे हम अच्छे से समझते हैं। रहा सवाल मेरे इस्तीफे का तो, तो मैंने पहले भी कहा है कि दस दिनों में ऋण माफ हो तो इस्तीफा दूंगा, आज भी कहता हूं कि बैंक पैसा वापस करे, लिंकिंग का यह ऋण माफी नहीं है और सहकारिता आंदोलन इससे समाप्त होगा। बैंक को कितने दिनों में राज्य शासन पैसा देगी कितने पैसे में देगी कितना ब्याज में देगी? पहले यह स्पष्ट हो जाए। यह तो बैंकों और सोसायटियों को दिवालिया करने की कोशिश हो रही है। ईमानदारी से जो वायदा है कर्जा माफी का, वो कर्जा माफी इतने पैसों का हो, इसमें कोई अल्पकालीन, कोई मध्यकालीक या दीर्घकालीक की बात न हो। कांग्रेस ने कर्ज माफी की बात कही है, वे परिभाषा में न पड़ें।

## सीएम बनने के बाद 31 को पहली बार कांग्रेस भवन पहुंचेंगे मुख्यमंत्री बघेल




बिलासपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 31 दिसंबर को एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर आएंगे। सीएम बनने के बाद वे पहली बार कांग्रेस भवन पहुंचेंगे। यहां कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल होंगे। उनके प्रवास को लेकर सीएम हाउस से सहमति मिल गई है। शुक्रवार को कांग्रेस भवन में बैठक भी रखी गई है।

सीएम बनने के बाद कांग्रेस भवन में पहले कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस दिन वे पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले शुक्रवार 27 दिसंबर को कांग्रेस भवन में तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। सीएम बघेल कांग्रेस भवन के कार्यक्रम के बाद जरहाभाठा स्थित महंत बाड़ा व यदुनंदन नगर स्थित सतनाम भवन में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे।

### धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी, ट्रक चालक घायल

जांजगीर (आरएनएस)। जांजगीर जिले के नवागढ़ के बीच गुरुवार को धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। धान को देखकर लोग टूट पड़े और कई लोग धान को कंधे में लेकर चलते बने। काफी देर बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तब लोग धान की ढुलाई करना बंद किया। कुछ देर बाद ट्रांसपोर्टर ने दूसरा ट्रक बुलाकर धान की ढुलाई कराया। गौरतलब है कि इन दिनों में उपार्जन केंद्रों से धान की ढुलाई राइस मिलों व संग्रहण केंद्रों के लिए हो रही है।

## दुर्ग रेंज में पदस्थ दर्जनों सउनि, प्रआ, आरक्षकों के तबादले

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर रेंज के साथ ही आज दुर्ग रेंज के विभिन्न जिलों में पदस्थ दर्जनों सहायक उपनिरीक्षकों, प्रधान आरक्षकों और आरक्षकों का तबादला आदेश जारी हुआ है। दुर्ग रेंज आईजी कार्यालय से जारी आदेशानुसार जिन कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें-सउनि.दिनेश सिंह जिला.राजनांदगांव से गैर कानूनी चिटफण्ड वित्तीय कम्पनी नियंत्रण प्रकोष्ठ, दुर्ग रेंज, सउनि.राजे सिंह नेगी जिला.कबीरधाम से गैर कानूनी चिटफ ण्डवित्तीय कम्पनी नियंत्रण प्रकोष्ठ, दुर्ग रेंज सउनि.अशोक यादव जिला. दुर्ग से जिला. राजनांदगांव, उनि. बोधन साहू जिला.कबीरधाम से जिला.राजनांदगांव, सउनि.तुकाराम वर्मा जिला. बेमेतरा से जिला.राजनांदगांव, सउनि.अजय सिंह जिला.दुर्ग से जिला.कबीरधाम, सउनि.बीजू डेनियल जिला.कबीरधाम से जिला.बालोद पदस्थ किए गए हैं। इसी तरह प्रधान आरक्षक शशि प्रकाश मिश्रा जिला.कबीरधाम से जिला.दुर्ग, प्रआर.281 रेखराम वर्मा जिला.बेमेतरा से जिला.दुर्ग, प्रआर.126 लोकेश सिंह जिला.कबीरधाम से गैर कानूनी चिटफ ण्डवित्तीय कम्पनी नियंत्रण प्रकोष्ठ, दुर्ग रेंज, प्रआर.129 परदेशी राम बांधे जिला.कबीरधाम से जिला.दुर्ग, प्रआर.919 घनश्याम दुबे जिला.कबीरधाम से जिला.दुर्ग स्थानांतरित किया गया है।

## 20 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का हुआ तबादला

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर-दुर्ग रेंज में पदस्थ करीब 20 पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को उनके पारिवारिक कारणों से स्वयं के व्यय पर तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया गया है। इन अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले लंबे समय से लंबित थे।

आईजी रायपुर रेंज से जारी आदेशानुसार सहायक उपनिरीक्षक विनोद वर्मा सउनि बलौदाबाजार को रायपुर, हरिशचंद्र जाधव को बलौदाबाजार से रायपुर संजय कुमार लांजे को गरियाबंद से धमतरी, राजभूषण सिंह को बलौदाबाजार से रायपुर, बसंत मिश्रा को बलौदाबाजार से रायपुर स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह प्रधान आरक्षक जागेश्वरी वर्मा महासमुंद को बलौदाबाजार, हेमचंद्र मरावी गरियाबंद से रायपुर, सुकदेव धृतलहरे गरियाबंद से बलौदाबाजार, लक्ष्णी सिन्हा रायपुर से महासमुंद, करूणा वर्मा धमतरी से रायपुर स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह आरक्षक नागेश द्विवेदी गरियाबंद से रायपुर, गजेंद्र साहू धमतरी से रायपुर, गोपाल चंद्राकर धमतरी से महासमुंद, अर्जुन सिंह ठाकुर गरियाबंद से बलौदाबाजार, दिनेश कुमार दुबे बलौदाबाजार से रायपुर, धर्मेंद्र दीवान बलौदाबाजार से रायपुर, गोपाल सिंह राजपूत गरियाबंद से रायपुर, विजय कुमार सेन गरियाबंद से रायपुर, टेकेश्वर कुमार अमृत गरियाबंद से रायपुर तथा आशीष भास्कर गरियाबंद से रायपुर स्थानांतरित किया गया है।

## दस दिनों में ही दिखा दिया कि सरकार की कर्ज माफ नीति और नियत, दोनों में खोट : अजीत जोगी



रायपुर (आरएनएस)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के 70 लाख किसानों का मुख्यमंत्री के शपथ लेने के 10 दिनो के सम्पूर्ण कर्ज माफ भीतर करने का घोषणा करी थी। आज मुख्यमंत्री के 10 दिनका कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। इन दस दिनों में उनकी सरकार द्वारा दिनांक 21.12.2018 को किसानों की ऋण माफी का एक तथाकथित आदेश पारित किया गया। इस आदेश की कण्डिका 4 में स्पष्ट रुप से उल्लेखित है कि (1) किसानो के मध्यकालीन और दीर्घकालीन ऋणमाफ नहीं होंगे।

(2) आर.बी.आई. द्वारा संचालित बैंकों से लिए गए ऋण भी माफ नहीं होंगे। (3) निजी वित्तीय और गैर-वित्तीय (कार्पोरेट, ट्रस्ट, पार्टनरशीप) संस्थाओं से लिए गए कर्जे भी माफ नहीं होंगे। (4) किसानो द्वारा गिरवी रखी गई चल एवं अचल संपत्ति के विरुद्ध लिए गए कर्ज भी माफ नहीं होंगे।

### मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात की। उन्होंने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की बकाया किश्त के भुगतान सहित अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने उनके ज्ञापन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

## आबकारी विभाग ने जारी किए आदेश, ठेकेदारों से मंगवाए गए आवेदन

### अब ठेकेदार बेचेंगे शराब

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद अब आबकारी विभाग के आयुक्त की तरफसभी शराब विनिर्माता कंपनी और बार्टलिंग ईकाईयों को जारी किया गया है। पूर्ण शराबबंदी के वादे के साथ सत्ता में आयी सरकार के इस आदेश पर अब सवाल उठने लगा है। आदेश में साफ लिखा गया है कि साल 2019-20 के लिए ठेका व्यवस्थापन कार्य शीघ्र होना है, इसके लिए भारत में निर्मित विदेशी मदिरा, नवीन ब्रांड व लेवलों का पंजीयन कराना है। 10 जनवरी तक आवेदन के लिए तारीख तय की गयी है।




## शाहरुख को नमन करता हूं : अली फजल



अभिनेता अली फजल ने आनंद एल. राय द्वारा निर्देशित फिल्म जीरो में मुश्किल किरदार निभाने के लिए अभिनेता शाहरुख खान की प्रशंसा की। फिल्म में शाहरुख बौने बऊआ सिंह की भूमिका में हैं। इसमें कैटरीना कैफ और अनुष्का शर्मा प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अली ने पोस्ट किया, बऊआ सिंह, मैंने आज जो कुछ भी देखा, उसे शब्दों में नहीं लिख सकता! मैं किंग खान शाहरुख खान को नमन करता हूं। इस बात से सहमत हूं कि आपकी और आनंद एल. राय सर की यात्रा मुश्किल रही होगी। फिल्म जीरो को बॉक्स ऑफिस पर कुछ आलोचकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें कुछ ने कहानी को कमजोर बताया और कुछ ने फिल्म को शाहरुख खान की सर्वश्रेष्ठ फिल्म बताया।

## अगले 2 साल में 6 फिल्मों में नजर आएंगे संजय दत्त

बॉलिवुड के मुन्ना भाई यानी संजू बाबा के फैन्स के लिए एक अच्छी खबर है। आने वाले 2 सालो में संजय दत्त 1 या 2 नहीं, बल्कि 6 फिल्मों में नजर आने वाले हैं। हाल ही में संजय दत्त ने तीन फिल्मों- कलंक, तुलसी दास और प्रस्थानम की शूटिंग पूरी की है। अब वह एक के बाद एक अपनी अगली तीन फिल्मों की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।



रिपोर्ट्स की मानें तो, फिल्म शमशेर के पहले शेड्यूल की शूटिंग फरवरी तक चलेगी, लेकिन संजय ने अपने सीन की शूटिंग 2 हफ्ते पहले ही पूरी कर ली है। इसके बाद उन्होंने 10 दिसंबर से ही आशुतोष गोवारिकर की फिल्म पानीपत की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जो कि मार्च तक चलेगी। आशुतोष गोवारिकर की इस फिल्म में संजय के अलावा अर्जुन कपूर, कृति सनोन और पद्मिनी कोल्हापुरी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

दोनों ही फिल्म पीरियड ड्रामा है, जिसकी शूटिंग जून-जुलाई तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद संजय महेश भट्ट की फिल्म सड़क 2 में जुट जाएंगे। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट, पूजा भट्ट और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आएंगे। सड़क 2 साल 1991 में आई फिल्म सड़क का सीक्वल है। यह फिल्म 25 मार्च, 2020 को रिलीज होगी।

# प्लॉट की मिट्टी बता देती है कि यहां घर बनाने पर कैसा परिणाम मिलेगा



घर, परिवार और जीवन में सदैव समृद्धि होती रहे, इसके लिए जरूरी है कि घर वास्तुनुकूल हो। एक वास्तु सम्मत घर के लिए जरूरी है एक वास्तुनुकूल प्लॉट या भूखंड। पुराने समय में आबादी कम होने के कारण हर तरह से उपयुक्तता देखकर ही किसी जमीन पर घर बनाया जाता था या गांव बसाए जाते थे। शायद इसीलिए उस जमाने में लोगों का जीवन अधिक सुखद और शांत था। इस आर्टिकल में जानिए कि अपने मकान के लिए भूखंड चुनते समय उसकी मिट्टी को लेकर किस तरह की परख करनी चाहिए...

**सफेद या हल्की पीली मिट्टी**

जिस भूखंड की मिट्टी सफेदी लिए हुए होती है या हल्के पीले रंग की होती है, साथ ही उसमें मिट्टी की प्राकृतिक सौंधी खुशबू भी होती है, ऐसे प्लॉट पर मकान बनाकर रहनेवाले लोगों का जीवन सुखी और संपन्न रहता है। उनमें धार्मिकता, ज्ञान, बुद्धि, ऊंची और अच्छी सोच का विकास होता है।

**लाल या हल्की लाल मिट्टी** - जिस प्लॉट की मिट्टी लाल रंग की या हल्की लालिमा लिए हुए हो, ऐसे भूखंड पर घर बनाकर रहनेवाले लोगों में आमतौर पर धैर्य की कमी पाई जाती है। हालांकि ये लोग बहादुर और योद्धा होते हैं। अक्सर स्वयं हानि उठाकर दूसरों का भला कराने में रुचि रखते हैं।

**पीली या हल्के हरे रंग की मिट्टी** - यदि प्लॉट की मिट्टी पीली या हल्का हरा रंग लिए हुए मिट्टी हो और सख्त हो, ऐसी मिट्टी घर बनाने के लिए काफी शुभ होती है। इसकी सुगंध शहद की तरह भीनी होती है। ऐसे प्लॉट पर घर बनाकर रहनेवाले लोग घुमक्कड़ स्वभाव के और जुगाड़ द्वारा काम बनाने में माहिर होते हैं। ये लोग कड़ी मेहनत के बल पर अपना कारोबार बढ़ा लेते हैं।

# तेजी से बाल बढ़ाने में असरदार है एलोवेरा, होते हैं ढेरों फायदे

गलत खान-पान और बालों के लिए गलत प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बालों पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में बालों के झड़ने की समस्या होती है। आजकल, हर कोई इस समस्या से जूझ रहा है। एलोवेरा ऐसे लोगों की मदद कर सकता है। बाजार में मौजूद हेयर प्रोडक्ट्स की तरह एलोवेरा का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। यह बालों के लिए प्राकृतिक उपचार की तरह होता है। आइए, जानते हैं कि इसके और कौन-कौन से फायदे हैं।



**इची स्कैल्प से राहत**

डैंड्रफ की वजह से स्कैल्प में होने वाली इचिंग से राहत दिलाने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल किया जा सकता है। कई अध्ययनों में यह साबित किया जा चुका है कि एलोवेरा डैंड्रफ के कारकों का सफाया करने में माहिर है।

**बालों को बनाए मजबूत**

एलोवेरा में विटामिन ए, सी और ई काफी मात्रा में पाए जाते हैं। ये सभी हेल्दी सेल ग्रोथ को प्रोमोट करते हैं और बालों को चमकदार बनाते हैं। इसमें मौजूद विटामिन बी 12 और फोलिक एसिड बालों को गिरना रोकने में मददगार होते हैं।

**हेयर ग्रोथ बढ़ाने में कारगर**

एलोवेरा रक्त संचार बढ़ाने में असरदार होता है। जब आप इसे अपने बालों या स्कैल्प पर इस्तेमाल करते हैं तो यह वहां खून का संचार बढ़ा देता है। इससे बालों की ग्रोथ में वृद्धि होती है। इससे तेजी से नए बाल भी आते हैं।

**ऑयली हेयर्स के लिए फायदेमंद**

एलोवेरा में बालों में मौजूद अतिरिक्त मात्रा को नियंत्रित करने के गुण होते हैं। यह बालों के बढ़ने की गति भी तेज करता है। इसके लिए सीधे एलोवेरा जेल को अपने बालों में लगाएं।

**गंजापन करे दूर**

एलोवेरा गंजापन दूर करने में भी असरदार है। इसमें नए बाल उगाने के गुण भी होते हैं। इसके लिए एलोवेरा को आप शैंपू की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सावधानियां**

एलोवेरा के इस्तेमाल से पहले यह जरूर तय कर लें कि आपको इससे एलर्जी तो नहीं है। इसके लिए आप पैच टेस्ट कर सकते हैं।